# कलेक्टर ने इंदरगढ़ मंडी के किसानों से किया सीधा संवाद

## तुलाई प्रक्रिया, पेयजल, छांव आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया



नवभारत न्यूज

**दतिया 30 अप्रैल।** कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने गुरूवार को इंदरगढ़ स्थानीय मंडी एवं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों की उपज की तुलाई प्रक्रिया, रजिस्टर में प्रविष्टियां तथा किसानों के लिए उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, छांव आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री वानखड़े ने मौके पर रुककर किसानों से सीधे संवाद किया और मंडी एवं उपार्जन केंद्रों पर उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही, इसकी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए इंदरगढ़ मंडी में किसानों के लिए वाटर कूलर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही बेहतर व्यवस्था के लिए धर्मकांटे को शिफ्ट करने के दिए शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा गया है जिससे ट्रैफिक की समस्या न हो।

उन्होंने कहा कि यहा नया रोड बनाने के लिए भी शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा गया है जिससे मंडी में प्रवेश के लिए ज्यादा विकल्प रहे। वर्षा की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रारंभिक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश भी दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर श्री वानखेड़े ने दाल मिल रोड स्थित राधारानी उपचार गौशाला का भी भ्रमण किया। उन्होंने गौशाला का संचालन स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। साथ ही, गौशाला के उपयोग हेतु भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक अनुमति प्रदान करते हुए इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## छात्र-छात्राएं वर्जित वस्तु लेकर सेंटर पर न आएं : कलेक्टर

**कलेक्टर की अध्यक्षता में नीट परीक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित**

**दतिया 30 अप्रैल।** सभी परीक्षार्थी पेन, पेंसिल, पेपर, पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, केलकुलेटर, मोबाईल, ब्लूटूथ, एयरफोन, स्मार्ट वॉच, नार्मल वॉच, ब्रेसलेट, कैमरा, टोपी, गमछा, पर्स, सन ग्लास, बैग, बेल्ट, नाक, कान, गले के आभूषण, कोई भी धातु की वस्तु, खाद्य सामग्री, वाटर वोटल (पारदर्शी के अलावा) जैसी अन्य वर्जित वस्तुयें सेंटर पर न ले जाये। उक्त बात कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 3 मई 2026 को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा की व्यवस्थाओं के संबंध में कही।

उन्होंने छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, सुरक्षा एवं तकनीकी दृष्टिकोण से आयोजित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उन्होंने जिले के तीनों परीक्षा केन्द्रों पर वैकल्पिक विधुत एवं इंटरनेट व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी प्रत्येक सेंटर पर की जाए। उन्होंने सेंटर के बाहर छांव के लिए अस्थाई टैंट लगाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा, सहित समस्त सेंटरों के प्रभारी एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## दतिया कला साहित्य और संस्कृति की नगरी है : अग्रवाल

नवभारत न्यूज

**दतिया 30 अप्रैल।** दतिया कला साहित्य और संस्कृति की नगरी है, यहां के कला साधकों ने सदैव दतिया का नाम रोशन किया हैं। आज आयोजित कथक पर्व का आयोजन भी इसी कड़ी का एक अहम स्वरूप हैं। हमें गर्व होता हैं कि दतिया में बड़े-बड़े कलाकार अपनी प्रस्तुति देने यहां आते हैं साथ ही दतिया के कलाकार बाहर जाकर अपना नाम बढ़ाते हैं। उक्त विचार सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटेक दतिया चौप्टर द्वारा विश्व नृत्य दिवस कथक पर्व के मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि कलाकारों को एक साझा मंच प्रदान करने की लिए सांस्कृतिक सभागार होना जरूरी हैं जिसका में प्रयास करूंगा साथ ही सेवड़ा में संकुआ महोत्सव का अगला आयोजना कथक कलाकारों को समर्थन होगा। कथक पर्व के आयोजन में ग्वालियर, दतिया तथा झांसी के युवा कलाकारो ने अपना सहभागिता की ओर शानदार प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। कु अनुप्रिया एवं हयात लीलारामनी ने नृत्य किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ अरुण कौशिक थे अध्यक्षता संगीतज्ञ कृष्णकांत झा ने की। कथक के विषय में विनोद मिश्र ने जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के संयोजक उमाचरण शर्मा ने कथक पर्व में पधारे अतिथियों का स्वागत किया।

आयोजन में पांच गुरुजनों को सम्मानित किया गया। इस आयोजना की विशेषता रही की गुरु का सम्मान और शिष्यों की प्रस्तुतियां रखी गई जिनमें लावण्या, सृष्टि विश्वास, सलोनी झा, मनीषा विष्ट, रोशनी प्रजापति, आयुषी सरवरिया, दीप्ति श्रीवास्तव, मुश्कान श्रीवास्तव, सौम्या श्रीवास्तव, शुभी दुबे, रक्षिता शर्मा, सिधीमा बैश, दिव्यांशु उमरिया आदि ने बेहतरीन प्रस्तुति दीं।

## जब भी बैठक की सूचना आए, उपस्थिति दर्ज कराएं : शर्मा



भाजपा की जिला बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**दतिया 30 अप्रैल।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी समय मे होने बाले जिला प्रशिक्षण वर्ग एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा आगामी समय मे होने बाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी कौशल शर्मा मौजूद रहे बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा के द्वारा की बैठक में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल मौजूद रहे।

बैठक में प्रशिक्षण जिला प्रभारी और भाजपा जिला अध्यक्ष नें जिला पदाधिकारीओ एवं मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चा की और आगामी समय में होने वाली पार्टी के कार्यक्रमों में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की और आगामी समय के कार्यक्रमों की रणनीति बनाई और प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी कौशल शर्मा ने कहा प्रदेश नेतृत्व की हर एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता पर नजर रहती है पदाधिकारी और कार्यकर्ता यह न सोचे कि हमको कोई देखने वाला नहीं प्रदेश नेतृत्व आपकी सभी गतिविधियों पर निरंतर नजर रखता है कौन सा कार्यकर्ता और कौन सा पदाधिकारी बैठकों में जा रहा है या नहीं जा रहा है आप अपने बूथ पर कब गए कब नहीं गए पूरी जानकारी प्रदेश नेतृत्व और जिला नेतृत्व को आपकी पूरी जानकारी रहती है इसलिए जब भी आपको सूचना आए सभी बैठकों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी के द्वारा किया गया।

बैठक में डॉ. रामजी खरे भज्जू राय भज्जू राय प्रवीण पाठक बह्ले रावत प्रशांत ढेगुला मानसिंह कुशवाहा जीतू कमरिया पुनीत टिलवानी टिलवानी अरविंद दांगी दिनेश शर्मा सहित जिले के भाजपा पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष प्रकोष्ठ के संयोजक एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## आईसीएसई बोर्ड में पियूष ने रचा इतिहास



**दतिया 30 अप्रैल।** जिले के लिए गर्व का क्षण सामने आया है, जहां होली क्रॉस आश्रम स्कूल के छात्र पियूष श्रीवास्तव पुत्र रवि कांत श्रीवास्तव (निवासी कामद) हाल निवास बुंदेला कॉलोनी ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 96: अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। पियूष की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके उत्कृष्ट परिणाम ने जिले का नाम रोशन किया है। परिजनों ने बताया कि पियूष की सफलता के पीछे उनके दिवंगत दादा स्व. सियाशरण का मार्गदर्शन और प्रेरणा रही है। परिजनों ने कहा कि अगर आज उनके दादा होते तो इस उपलब्धि पर सबसे ज्यादा खुश होती इस सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों विजय गुप्ता ,पस्तोर ,भटनागर एवं विजय आनंद श्रीवास्तव सर के मार्गदर्शन को भी दिया गया है।

# सरसई रोड पर अधूरी पड़ी है डिवाइडरयुक्त सड़क

### तीन साल बाद भी नहीं मिली लोगों को राहत



**भांडेर, 30 अप्रैल।** नगर की सबसे व्यस्ततम सड़कों में शामिल सरसई रोड आज भी बदहाल स्थिति में बनी हुई है। सड़क के चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण और सौंदर्गीकरण के लिए नगर परिषद द्वारा लगभग 2.66 करोड़ रुपए की लागत से कार्य स्वीकृत किया गया था। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से लोगों को धूल, गड्ढों और जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है। जानकारी के अनुसार, सरसई रोड पर ईदगाह मोहल्ले तक सड़क निर्माण का कार्य प्रस्तावित था। तत्कालीन विधायक रक्षा संतराम सरोनियों के प्रयासों से इस सड़क के लिए बजट स्वीकृत हुआ था और फरवरी 2023 में विकास यात्रा के दौरान इसका भूमिपूजन भी किया गया था।

उस समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दावा किया था कि शीघ्र ही सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा और यह मार्ग नगर की प्रमुख सड़कों में शामिल होगा। हालांकि, भूमिपूजन के बाद कुछ समय तक काम शुरू हुआ, लेकिन धीरे-धीरे निर्माण कार्य ठप पड़ गया। वर्तमान स्थिति यह है कि कई जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सड़क राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। वाहन चालकों को आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है, वहीं पैदल चलने वाले लोग भी धूल और खराब रास्ते से जूझ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। बारिश के समय गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे आवागमन और भी मुश्किल हो जाता है। व्यापारियों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण उनके कारोबार पर भी असर पड़ रहा है, क्योंकि ग्राहक इस मार्ग से आने से कतराते हैं। नगर परिषद की लापरवाही को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

नागरिकों का आरोप है कि टेंडर जारी होने और बजट स्वीकृत होने के बावजूद काम को समय पर पूरा नहीं किया गया। कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा किया जाए ताकि उन्हें वर्षों से झेल रही परेशानियों से निजात मिल सके। यदि समय रहते इस परियोजना को पूरा नहीं किया गया, तो यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी साबित होगी, बल्कि जनता का भरोसा भी प्रशासन से उठता नजर आएगा।

## फांसी के फंदे पर मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**दतिया 30 अप्रैल।** दतिया के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित राजगढ़ टेक इलाके में बुधवार-गुरुवार दरम्यानी रात एक 29 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला घर में अपने दो छोटे बच्चों के साथ अकेली थी, जबकि उसका पति मुंबई में ड्राइवरी करता है। गुरुवार सुबह बच्चों के जागने और शोर मचाने पर पड़ोसियों को घटना की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, राजगढ़ टेक निवासी खुशबू यादव 29 पत्नी कल्याण यादव का शव घर में पंखे के कुंदे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। बुधवार-गुरुवार की रात खुशबू ने यह आत्मघाती कदम उठाया। गुरुवार सुबह जब बच्चे उठे और अपनी मां को इस हालत में देखा तो उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी उनके घर पहुंचे और महिला को फंद्दे पर लटका देख तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मृतका खुशबू के दो बच्चे हैं, जिनमें एक की उम्र करीब 8 वर्ष और दूसरे की 4 वर्ष बताई गई है। उसका पति कल्याण यादव मुंबई में ड्राइवर का काम करता है और घटना के वक्त वह शहर से बाहर था। फिलहाल महिला द्वारा आत्महत्या करने के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास के लोगों व परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## राज्य स्तर पर एकीकृत परीक्षा के लिए होंगे साक्षात्कार

नवभारत न्यूज

**दतिया 30 अप्रैल।** प्राचार्य शासकीय पीजी कॉलेज दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैकि आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के संशोधित अधिसूचना के निर्देशानुसार उच्च शिक्षा म.प्र. शासन द्वारा सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर एकीकृत प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई थी किन्तु अब यह परीक्षा अग्रणी महाविद्यालय स्तर पर चलित साक्षात्कार वॉक इंटरव्यू के माध्यम से आयोजित की जायेगी। स्नातक स्तर पर कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं जो अपने संकाय के स्थान पर स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षा में अन्य संकाय में प्रवेश हेतु कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण छात्र स्नातक प्रथम वर्ष कला वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु, कक्षा 12वीं कला संकाय से उत्तीर्ण छात्र स्नातक प्रथम वर्ष विज्ञान वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु, कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण छात्र स्नातक प्रथम वर्ष कला विज्ञान संकाय में प्रवेश हेतु। स्नातकोत्तर स्तर पर स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषय के विद्यार्थी का प्रवेश पोर्टल के माध्यम से, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका के अनुसार मेरिट आधारित प्रवेश दिया जायेगा।

स्नातक मेजर माइनर विषय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मेजर माइनर विषय के स्थान पर अन्य विषय संकाय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए साक्षात्कार में शामिल होना होगा।ऐसे छात्र जो सत्र 2026-27 में होने वाली प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं वे छात्र दतिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य, शासकीय पी.जी. कॉलेज, दतिया के माध्यम से साक्षात्कार हेतु समिति के समक्ष 27 अप्रैल से 14 मई तक उपस्थित होना होगा।

साक्षात्कार की प्रक्रिया निम्न प्रकार होगी विद्यार्थी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पर अन्य संकायों में प्रवेश पाने हेतु अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य, शासकीय पी.जी. कॉलेज, दतिया के नाम सादा कागज पर अपना आवेदन प्रस्तुत करेगा। स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए 12वीं कक्षा की अंकसूची संलग्न करेगा। स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश हेतु स्नातक (बी.ए./ बी.एससी./ बी.कॉम.) अध्ययनरत द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की अंकसूची संलग्न करेगा। चलित साक्षात्कार परीक्षा का समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

साक्षात्कार परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्रा को अग्रणी महाविद्यालय स्तर से अन्य संकाय/विषय में प्रवेश हेतु एक प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। विशिष्ट परिस्थितियों में विद्यार्थियों को उक्त तिथियों में ऑनलाइन के माध्यम से साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की जा सकेगी। दूसरे राज्यों के विद्यार्थी अपने निवास के नजदीक स्थित म.प्र. राज्य के अग्रणी महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकेंगे।

## लायंस क्लब इंटरनेशनल की पहली परिचयात्मक बैठक



### शपथ ग्रहण समारोह 9 को

नवभारत न्यूज

**दतिया 30 अप्रैल।** जिले में सेवा और समर्पण के वैश्विक संगठन लायंस क्लब इंटरनेशनल, दतिया की प्रथम परिचयात्मक बैठक का आयोजन सोमवार को ब्लू स्टार होटल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कपिल गोयल ने की। बैठक के मुख्य बिंदु परिचय सत्र बैठक का शुभारंभ सभी लायन सदस्यों के परस्पर परिचय के साथ हुआ, जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

संगठन का उद्देश्य बैठक में लायंस क्लब की स्थापना, इसके गौरवशाली इतिहास और मानवीय सेवा के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि क्लब का मुख्य लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों की सहायता और स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना है। कार्यकारिणी का गठन क्लब के सुचारू संचालन हेतु नई कार्यकारिणी के गठन और सदस्यों के उत्तरदायित्वों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 9 मई को क्लब का शपथ ग्रहण आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर जिम्मेदारियाँ सौंपी जायेगी। कार्यक्रम का संचालन सचिव अजय शर्मा द्वारा किया गया। बैठक के अंत में कैलाश गौड़ ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर क्लब के सभी संस्थापक सदस्य उपस्थित रहे।

## 12वीं में 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं का होगा सम्मान

### प्रभुजी आहार फाउंडेशन द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 30 अप्रैल।** प्रभुजी आहार फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजक आदित्य शर्मा द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने हेतु एक गरिमामय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 1 मई 2026 को किया जा रहा है, जिसमें शासकीय विद्यालयों की 12वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम गालव सभागार, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित करना एवं समाज में बालिका शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष अग्रवाल (प्रदेश मीडिया प्रभारी), अमित सांघी (डीआईजी, ग्वालियर), डॉ. प्रियंवदा भसीन (प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक), समीक्षा गुप्ता (उपाध्यक्ष, महिला आयोग) एवं आईपीएस विदिता डागर की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। समारोह के दौरान छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जाएगी तथा उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रभुजी आहार फाउंडेशन द्वारा इस प्रकार के आयोजन शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

फाउंडेशन के संस्थापक आदित्य शर्मा लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए हैं। उनके द्वारा निर्धन एवं जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराना, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं के विवाह में सहयोग करना तथा बच्चों को शैक्षणिक सामग्री एवं पुस्तकों का वितरण जैसे अनेक जनसेवा कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित कर उनके प्रतिभा को पहचान देने का यह प्रयास भी समाज के लिए प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## जैविक उत्पादों की बायर-सेलर मीट के लिए खरीदारों से आवेदन आमंत्रित

### किसानों को उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने की महत्वपूर्ण पहल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 30 अप्रैल।** ग्वालियर सहित मुरैना एवं शिवपुरी जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस क्रम में चयनित किसानों द्वारा उत्पादित जैविक कृषि उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंटरनेशनल कॉम्पिटेंस सेंटर फॉर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर द्वारा बायरसेलर मीट का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो मौजूदा साल को प्रदेश सरकार द्वारा किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी सिलसिले में यह आयोजन रखा गया है।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास रणवीर सिंह जाटव से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम 6 मई 2026 को प्रात: 9:30 बजे से सेंट्रल पार्क होटल, ग्वालियर में आयोजित होगा। आयोजन में ग्वालियर, मुरैना एवं शिवपुरी जिलों के ग्रीन-1 प्रमाणित किसानों द्वारा उत्पादित जैविक फसलें जैसे गेहूँ, चना, सरसों, सब्जियां एवं अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे।

इस मंच के माध्यम से खरीदारों, व्यापारियों एवं निर्यातकों को किसानों से सीधे जुड़ने और दीर्घकालीन व्यापारिक संबंध स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इच्छुक थोक एवं खुदरा विक्रेता, प्रोसेसर, निर्यातक एवं अन्य खरीदारों से अपील की गई है कि वे इस कार्यक्रम में भाग लेकर जैविक उत्पादों की खरीद हेतु किसानों से सीधे संपर्क स्थापित करें।

इच्छुक खरीदार 3 मई 2026 तक मोबाइल नंबर 7568758497 पर संपर्क कर अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से अपना पंजीयन सुनिश्चित कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उपसंचालक कृषि, जिला ग्वालियर कार्यालय या उक्त मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। यह आयोजन किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने और जैविक कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



## दक्ष प्रजापति समाज ने किया कथा व्यास का स्वागत

**दतिया 30 अप्रैल।** धर्म प्रेमी पाल समाज के भक्तों द्वारा होलीपुरा रिंग रोड स्थित सत्ती माता मंदिर के पास श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पुरुष का महिलाओं ने भाग लिया। समाज बंधुओं के साथ कथा स्थल पर पहुंचकर कथावाचक श्री व्यास जी को पुष्पमाला पहनाकर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया।

उन्होंने इस अवसर पर कहा है कि, यह हम सब का सौभाग्य है कि हमें संत-महात्माओं के आशीर्वाद के साथ कथा श्रवण कर ज्ञान प्राप्त हुआ है। इसे हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। धर्म के प्रति आस्था व विश्वास रखना कभी व्यर्थ नहीं जाता है इससे हमारे जीवन में सुख-समृद्धि व खुशहाली आती है। इस अवसर पर हरकिशोर प्रजापति ,मानसिंह प्रजापति परशुराम (दउआ) प्रजापति, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी भाजपा, गौरीशंकर प्रजापति, नीरज प्रजापति उपाध्यक्ष युवा मंडल दक्ष प्रजापति समाज विशेष रूप से उपस्थित थे।